खाटू वाले की अँखियाँ | By Shyam Salona

खाटू वाले की अँखियाँ जादू कर गई
भूल गए सब सुध बुध अपनी
हाय रे हम तो मर गए मर गए मर गए हो
खाटू वाले की अँखियाँ .....

इन अँखियों ने हमको लूटा
दुनिया का हर बंधन छूटा
इन्हे देख कर हम तो भक्तों
हाय रे नाचण लग गए लग गए लग गए हो
खाटू वाले की अँखियाँ .....

नैना इनके रस बरसावे
रोम रोम में प्रेम जगावे
ऐसी नज़ारे हम पर डाली
प्रेम के रस से भर गए भर गए भर गए हो
खाटू वाले की अँखियाँ .....

चटक मटक कजरारे नैना
देखे बिन नहीं आये चैना
दुनिया से तो खूब बचाये
इनसे नज़रे लड़ गई लड़ गई लड़ गई हो
खाटू वाले की अँखियाँ .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%85%e0%a4%81%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%81-by-shyam-salona/